दिन–रविवार दिनांक– 20 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठके होंगी। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि सत्रहवीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र है। श्री यादव ने कहा कि सत्र के पहले दिन चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा, जबकि बाईस और तेईस जुलाई को विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। चौबीस जुलाई को अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद के बाद मतदान होगा और सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे।

———————————————————————————————

संसद का मानसून सत्र भी कल से शुरू हो रहा है। सत्र के सुचारू संचालन के लिए नई दिल्ली में आज सर्वदलीय बैठक हो रही है। बैठक में सरकार दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेता शामिल हो रहे हैं। इक्कीस अगस्त तक चलने वाले सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा की कुल इक्कीस बैठके होंगी। विश्वास (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक समेत कई महत्त्वपूर्णा विधेयक पर चर्चा की जायेगी।

———————————————————————————————

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक पंचानवे दशमलव नौ–दो प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सात करोड़ सत्तावन लाख से अधिक गणना फार्म एकत्र किए गए हैं। आयोग ने कहा कि अब केवल बत्तीस लाख तेईस हजार तेईस मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं। इसके लिए छह दिन शेष बचे हैं। आयोग के अनुसार अभियान के क्रम में अब तक चौदह लाख उनतीस हजार तीन सौ चौवन मतदाता मृत पाए गए हैं।

उन्नीस लाख चौहत्तर हजार दो सौ छियालीस मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं, सात लाख पचास हजार दो सौ तेरह मतदाता एक से अधिक स्थानों पर रिजस्ट्रर्ड पाये गयें, जबकि ग्यारह हजार मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए हैं। इधर, प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आज सभी बूथों पर विशेष शिविर लगाए गए है। जहां बचे हुए मतदाता अपना गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा कर सकते है।

---

सूचना और जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी ऊर्जा के साथ बिहार को विकसित बनाने के लक्ष्य के लिए काम कर रहे है। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री हजारी ने कहा कि विपक्ष मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर भ्रम फैला रहा है। उन्होंने दावा किया की अगली सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बनेगी।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता फिर बढ़ गयी है। आज सुबह से ही राजधानी पटना समेत आस–पास के जिलों में हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, पूर्णियां, अररिया और किशनगंज जिले में अनेक स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान पटना समेत दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण प्रदेश की नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। पटना के गंगा जोन के फ्लड कंट्रोल एंड ड्रेनेज की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार पटना में गंगा नदी खतरे के निशान से शून्य दशमलव तीन सात मीटर और समस्तीपुर में अठहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। साथ ही गंगा की सहायक नदी सोन और पुनपुन नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। पटना के गांधी घाट पर गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पैंतीस सेंटीमीटर और हाथीदह में तेरह

सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। वहीं, कोइलवर में सोन नदी और किनजर में पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है।

———————————————————————————

भारत, मलेरिया से बचाव के लिए स्वदेशी टीका एडफाल्सीवैक्स  विकसित कर रहा है। यह टीका मच्छरों के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने और इसे अन्य लोगों में फैलने से रोकने में कारगर होगा।

———————————————————————————

पटना में पन्द्रह अगस्त से मेट्रो रेल परिचालन शुरू करने के लिए पूणे से तीन कोच पटना पहुंच गए हैं। इन कोचों को आईएसबीटी डिपो में रखा गया है। जल्द ही उनकी अनलोडिंग और एसेंबलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

———————————————————————————

समाप्त